# हिंदवेयर ने दो नए स्टोर खोलकर अपनी रिटेल उपस्थिति का विस्तार किया

**नई दिल्ली** भारत के प्रमुख बाथवेयर ब्रांड, हिंदवेयर लिमिटेड ने हाल ही में दो नए ब्रांड स्टोर के उद्घाटन के साथ इंदौर में अपने पदचिन्हों का विस्तार किया। अपनी बेहतर गुणवत्ता, नवोन्मेषी डिज़ाइन और टिकाऊपन के लिए जाने जाने वाले, हिंदवेयर उत्पादों को किसी भी बाथरूम की सुंदरता और कार्यक्षमता दोनों बढ़ाने के लिए तैयार किया जाता है। ग्राहकों की संतुष्टि पर ध्यान देते हुए, ये स्टोर ग्राहकों को उत्पादों के चुनने से लेकर उनके इंस्टॉलेशन और उनके रखरखाव की व्यवस्था तक के लिए, इनकी खरीदारी करने के अनुभव को किसी भी तरह की परेशानी और झंझट से मुक्त बनाने का अनुभव प्रदान करेंगे। इस लॉन्च पर बोलते हुए, सुधांशु पोखरियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बाथ एंड टाइल्स, हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा, हम इंदौर में अपनी उपस्थिति को और भी ज्यादा मजबूत करते हुए बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि यह ऐसा शहर है जो महत्वपूर्ण प्रगति और विकास का साक्षी बना है।